एमबीए का क्रेज

एमबीए कोर्स के प्रति इन दिनों छात्रों का जुनून देखते ही बनता है। तकरीबन हर छात्र आज यही चाहता है कि वह कॉर्पोरेट वर्ल्ड में एक अहम दर्जा हासिल करे। लेकिन प्रबंधन के क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक हैं तीन गुण -एटीट्यूड, एप्टीट्यूड और अप्रोच। जिन छात्रों में इस तरह के लक्षण है, वे प्रबंधन के क्षेत्र में अधिक सफल हो सकते हैं। अगर आप मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स करना चाहते हैं, तो आपको कैट, मैट, ओपनमैट, एक्सएटी, जेएमएटी, एफएमएस, आईबीएसएटी, एनएएमटी, एसएनएपी आदि एंट्रेंस टेस्ट में से किसी एक में सफल होना होगा।

कैट के माध्यम से आप देश के प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीटयूट्स ऑफ मैनेजमेंट यानी आईआईएम(अहमदाबाद, मुंबई, बंगलुरु, इंदौर, लखनऊ और कोझिकोड) और इसके समकक्ष बी-स्कूलों में एंट्री ले सकते हैं। हालांकि यह इतना आसान भी नहीं है, इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करना होगा। सभी प्रवेश परीक्षाओं में कमोबेश एक तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं।

प्रवेश प्रक्रिया

पहला चरण

अधिकतर बिजनेस स्कूलों में कुछ इस तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं...
लैंग्वेज स्किल : इसमें वर्बल एबिलिटी, अंग्रेजी ग्रामर, यूजेज, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन आदि पूछे जाते हैं।
क्वांटिटिव स्किल : इसमें आपकी गणितीय योग्याता और दक्षता की जांच की जाती है। इंटरपरफेक्शन एवं रीजनिंग स्किल : डाटा एफिशिएंसी, लॉजिकल रीजनिंग आदि से सवाल होते हैं।

दूसरा चरण

ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू : इस चरण में ग्रुप डिस्कशन (जीडी) द्वारा कैंडिडेट की एनालिटिकल स्किल और उसकी लीडरशिप क्वालिटी को परखा जाता है, जबकि इंटरव्यू के दौरान जनरल नॉलेज, आत्मविश्वास आदि को आंका जाता है।

तीसरा चरण

स्पेशलाइजेशन व संस्थान चयन : जब कैंडिडेट दोनों चरणों को सफलतापूर्वक पार कर लेता है, तो अंतिम परीक्षा आती है, स्पेशलाइजेशन और संस्थान चुनने की। कुछ प्रमुख स्पेशलाइजेशन क्षेत्र इस प्रकार हैं : अकाउंटिंग, फाइनेंस, हयूूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, मार्केटिंग, एंटरप्रोन्योरशिप, ई-कॉमर्स, स्टैटिस्टिकल मेथड फॉर बिजनेस ऐंड इंडस्ट्री, इंटरनेशनल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, प्लॉनिंग मैनेजमेंट, स्ट्रेटजिक मैनेजमेंट, इकोनॉमिक्स, हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन, ऑपरेशन मैनेजमेंट, हेल्थ इंफार्मेशन मैनेजमेंट, रिटेल मैनेजमेंट आदि।

स्पेशलाइजेशन के प्रमुख क्षेत्र

* चेन मैनेजमेंट : किसी भी उद्योग की सप्लाई मैनेजमेंट उसका आधार होता है। उत्पादन का लेखा-जोखा देखना, सप्लाई और रिटेलर्स से समन्वय करना प्रबंधक का कार्य होता है। अगर आपमें इस क्षेत्र की चुनौती स्वीकारने की

क्षमता है, तो चेन मैनेजमेंट आपके स्पेशलाइजेशन का अच्छा क्षेत्र हो सकता है।

* बैंकिंग : यदि आपकी दिलचस्पी अर्थव्यवस्था और वित्तीय मामलों में अधिक है, तो बैंकिंग प्रबंधन आपके लिए बेहतर ऑप्शन हो सकता है। इसमें न केवल दूसरे को उनकी बचत और फायदे के बारे में सोचने की और बताने की छूट होती है, बल्कि आपकी बनाई गई एक पॉलिसी से देश की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन भी आ सकता है।

* रूरल मैनेजमेंट : इन दिनों सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र की कंपनियां भी ग्रामीण इलाकों की तरफ रुख करने लगी है। यही वजह है ग्रामीण इलाकों की तस्वीर भी धीरे-धीरे बदलने लगी है। ग्रामीण प्रबंधन पर नजर डालें, तो पाएंगे कि आधारभूत ढांचा, मनोरंजन सहित कई क्षेत्र इसमें शामिल हैं।

* एनवॉयरनमेंट मैनेजमेंट : पयार्वरण के प्रति दुनिया भर के देश आज गंभीर नजर आ रहे हैं। पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता को देखते हुए समाज का एक निकाय इसकी देखरेख और प्रबंधन में चौबीस घंटे लगा हुआ है। विश्व भर में खुल रहे पर्यावरण एनजीओ को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रबंधकों की मांग बढऩे लगी है। पर्यावरण प्रबंधन में न केवल आप पृथ्वी को हरा-भरा बनाते हैं, बल्कि आपकी पॉकेट भी हरी भरी हो जाती है।

* रिटेल मैनेजमेंट : शहर हो या कस्बे सभी जगह मॉल और सुपर बाजार फैलते जा रहे हैं। सामान को व्यवस्थित तरीके से रखना और ग्राहकों को पसंद और नापसंद को जानने वाले लोगों के लिए रिटेल मैनेजमेंट का क्षेत्र अपेक्षाकृत व्यापक और चुनौती भरा भी है। मॉल और सुपरवाइजर की आंधी ने इसमें प्रबंधकों के लिए भी बड़ी जगह बना दी है। विस्तृत मॉल के लिए हर कंपनी अच्छे प्रबंधकों की हमेशा तलाश करती रहती है।

* फाइनेंस : यह उन जैसे लोगों के लिए है, जो वैकल्पिक संसाधनों के बारे में योजनाएं बनाते रहते हैं। आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपैया वाले इस क्षेत्र में अच्छे प्रबंधकों की मांग दुनिया भर में तेजी से बढ रही है।

* सिस्टम : तकनीकी क्रांति के इस युग में प्रबंधन और तकनीकी को समायोजित कर नए-नए संसाधनों को समाज से रूबरू कराने वाले प्रबंध स्नातकों की आज के आधुनिक तंत्र में बहुत मांग है। इस क्षेत्र में वे लोग बहुत तेजी से आगे बढ सकते हैं, जो न केवल स्मार्ट हो, बल्कि दूरदर्शी सोच वाले भी हों।

* विज्ञापन : सूचना पहुंचाने का बेहतर तरीका है-विज्ञापन। विज्ञापन प्रबंधन का क्षेत्र उन लोगों के लिए करियर का बेहतर विकल्प बन सकता है, जो बड़ी से बड़ी बात को किसी उदाहरण या चित्र के द्वारा प्रस्तुत करने में माहिर हों। ऐसे लोगों के लिए इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

* मार्केटिंग : अगर आपमें किसी सामान को बेचने और उसको प्रस्तुत करने के का गुण हैं, तो यह क्षेत्र आपको बुलंदियों तक पहुंचा सकता है। इसके अतिरिक्त एक अच्छे मार्केटिंग प्रबंधक में वाक पटुता और नेतृत्व क्षमता होनी चाहिए।

* प्रोडक्शन : इंजीनियरों का यह पसंदीदा फील्ड है। अगर आपका रुझान किसी भी वस्तु की गुणवत्ता को जानने और सोच उसे बेहतर शक्ल देने की है, तो इस क्षेत्र आपके करियर का मजबूत आधार बन सकता है।

* इंटरनेशनल बिजनेस : अगर आपकी रुचि विश्व बाजार और उदारीकरण व वैश्वीकरण की ओर है, तो आपके लिए इंटरनेशनल बिजनेस अर्थात आईबी में स्पेशलाइजेशन करना बेहतर होगा। इस क्षेत्र में न केवल अच्छा वेतन है, बल्कि अन्य के मुकाबले सबसे ज्यादा प्रतिष्ठा भी है।

* ह्यूमन रिसोर्स डेवलॅपमेंट : अगर आपकी रुचि और क्षमता लोगों की काबिलियत को पहचानने की है और बातचीत के माध्यम से ही आप किसी भी व्यक्ति के गुणों को भांप सकते हैं, तो ह्यू्मन रिसोर्स डेवलॅपमेंट आपके लिए बेहतर फील्ड हो सकता है।

* ऑपरेशन मैनेजमेंट : यह देखा गया है कि कुछ लोगों की रुझान समस्याओं को सुलझाने का रहता है। उन पर यह फर्क नहीं पड़ता कि समस्या बड़ी है या छोटी। ऐसे धैर्य रखने वाले प्रतिभागियों के लिए ऑपरेशन मैनेजमेंट का चुनौती भरा क्षेत्र अच्छा हो सकता है।

* टेलीकॉम मैनेजमेंट : कम्प्यूटर और टेलीकम्युनिकेशन में रुचि रखने वालों के लिए टेलीकॉम मैनेजमेंट एक बेहतर

विकल्प है। टेलीकॉम के बढ़ते बाजार को देखते हुए इस क्षेत्र में आज करियर की बेहतरीन संभावनाएं हैं। यही वजह है कि इन दिनों टेलीकॉम मैनेजमेंट प्रोफेशनल की मार्केट में खूब डिमांड देखी जा रही है।

इंस्टीट्यूट

- www.iimahd.ernet.in Indian Institute of Management, Ahmedabad
- www.iimb.ernet.in Indian Institute of Management, Bangalore
- www.iimcal.ac.in Indian Institute of Management, Kolkata
- www.iimk.ac.in Indian Institute of Management, Kozhikode
- www.iimidr.ac.in Indian Institute of Management, Indore
- www.iiml.ac.in Indian Institute of Management, Lucknow
- www.xlri.edu Xavier Labour Research Institute (XLRI), Jamshedpur
- www.fms.edu Faculty of Management Studies, Delhi University (FMS)New Delhi
- www.jbims.edu Jamnalal Bajaj Institute of Management Studies, Mumbai
- www.nmims.edu Narsee Monjee Institute of Management Studies, Mumbai
- www.spjimr.org SP Jain Institute of Management & Research, Mumbai
- www.imt.edu Institute of Management Technology, Ghaziabad
- www.mdi.ac.in Management Development Institute, Gurgaon
- www.ximb.ac.in Xavier Institute of Management, Bhubaneshwar
- www.imi.edu International Management Institute, New Delhi
- www.fsm.ac.in FORE School of Management, New Delhi
- www.sibm.edu Symbiosis Institute of Business Management, Pune
- www.scmhrd.edu Symbiosis Centre for Management and HRD, Pune
- www.iifm.org Indian Institute of Forest Management, Bhopal
- www.iift.edu Indian Institute of Foreign Trade, New Delhi
- www.tiss.edu Tata Institute of Social Sciences, Mumbai
- www.irma.ac.in Institute of Rural Management, Anand (Gujarat)
- www.mica-india.net Mudra Institute of Communications, Ahmedabad
- www.niftindia.com National Institute of Fashion Technology, New Delhi
- www.bim.edu Bharatidasan Institute of Management, Tituchirapalli
- www.nitie.edu National Institute of Industrial Engineering, Mumbai
- www.iitb.ac.in/~som Indian Institute of Technology - school of Management, Mumbai
- Indian Institute of Technology department of Management Studies, New Delhi